# आईआईएम काशीपुर, रायपुर, राँची और तिरुचिरापल्ली ने संयुक्त प्रवेश प्रक्रिया की घोषणा की

**रायपुर लाइव न्यूज़।** आईआईएम काशीपुर, रायपुर, राँची और तिरुचिरापल्ली ने एमबीए प्रवेश हेतु संयुक्त प्रवेश प्रक्रिया 2026 की घोषणा की है। भारतीय प्रबंध संस्थान रायपुर संयुक्त प्रवेश प्रक्रिया 2026 का संयोजक होगा और चारों सहभागी संस्थानों के लिए प्रवेश प्रक्रिया का संचालन करेगा। संयुक्त प्रवेश प्रक्रिया 2026 उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता, संसाधनों के सामूहिक प्रबंधन तथा पारदर्शी एवं अभ्यर्थी-केंद्रित प्रवेश अनुभव प्रदान करने की एक संयुक्त पहल है, जो भा. प्र. सं. के मानकों के अनुरूप है।इस अवसर पर भारतीय प्रबंध संस्थान रायपुर के कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर संजीव प्रशर ने कहा, हमें संयुक्त प्रवेश प्रक्रिया 2026 की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है, जो चार प्रमुख भारतीय प्रबंध संस्थान के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करती है। यह पहल हमारे संसाधन अनुकूलन, छात्र-केंद्रित प्रवेश प्रणाली और भावी नेतृत्वकर्ताओं के लिए भारतीय प्रबंध संस्थान ब्राण्ड को सुदृढ़ बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। छ्रक 2026 हमारे उच्च मानकों के संरक्षण तथा भावी एमबीए अभ्यर्थियों के लिए नए अवसर उपलब्ध कराने के संकल्प को प्रतिबिंबित करता है। संयुक्त प्रवेश प्रक्रिया 2026 प्रवेश प्रक्रिया को अभ्यर्थियों के लिए अधिक सरल और सुव्यवस्थित बनाता है।

IIM Raipur_Rajasthan Live_Pg_06_14.09.2025_Jaipur